प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन आज भी हंगामे के आसार, सदन से भाजपा विधायकों के निलंबन से उत्पन्न स्थिति पर पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने देर रात तक की विधायकों के साथ बैठक।

- राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज, चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को तीन वर्षों से एक ही जिले में पदस्थापित अधिकारियों को हटाने का दिया निर्देश।

- हावड़ा–मुंबई मेल हादसे के बाद टाटानगर–चक्रधरपुर रेलखंड पर रेल यातायात बहाल, अप और डाउन लाइन पर भी परिचालन शुरु।

- सहायक आचार्य परीक्षा के रिजल्ट पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी राज्य सरकार, मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में लिया फैसला।
- रांची समेत राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, वज्रपात की चपेट में आने से सात लोगों की मौत, नौ गंभीर।

*******************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का आज आखिरी दिन है। सदन के भीतर सरकार पर दवाब बनाने को लेकर कल देर रात तक भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में पार्टी विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में विधायकों के निलंबन पर भी चर्चा हुई और आगे की रणनीति तैयार की गयी।

*******************

इससे पहले श्री सरमा ने कल दुमका और पाकुड़ का दौरा किया। इस दौरान पाकुड़ में उन्होंने जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों को पार्टी की ओर से एक–एक लाख रुपये देने की घोषणा की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि पाकुड़ जिले के गायबथान में बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री के होते हुए भी ऐसा अत्याचार दुर्भाग्यपूर्ण है।

*******************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के लगातार झारखंड दौरे पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि लगता है भाजपा को अपने स्थानीय नेताओं पर भरोसा नहीं है। यही कारण है कि बाहर के नेताओं को राज्य में भेज रहे हैं।

*******************

इधर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि भाजपा के 18 विधायकों का विधानसभा से निलंबन झारखंड के लिए काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार तानाशाही के बल पर सत्ता चलाना चाहती है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से राष्ट्र्पति भवन में शुरु हो रहे दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में राज्य्पालों का पहला सम्मेलन होगा। झारखंड समेत सभी राज्यों के राज्यपाल बैठक में शामिल लेंगे।

*******************

राज्य में विधानसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गयी है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को एक ही जिले में तीन वर्षों से पदस्थापित अधिकारियों को हटाने के आदेश दिये हैं। चुनाव आयोग ने इस सिलसिले में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से 20 अगस्त तक इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद चुनाव कार्य से सीधे तौर पर जुड़ने वाले पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया जायेगा।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राज्य में दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर–चक्रधरपुर रेल खंड पर कल शाम रेल यातायात बहाल कर दिया गया है। चक्रधरपुर मंडल के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि अप और डाउन लाइन सहित सभी तीन लाइन अब चालू हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि एहतियात के तौर पर इस रेलखंड पर गति निर्देश के साथ ट्रेन चलाने का निर्देश दिया गया है।

चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत बाड़ाबम्बो और खरसावा रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार को हावड़ा–मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतरने के बाद इस खंड पर रेल यातायात बाधित हो गया था।

*******************

सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगायी गयी रोक हटाने के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जायेगी। यह फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के हितों का ध्यान रखेगी।

*******************

जीएसटी रिटर्न भरते समय गलती होने पर उसके सुधार के लिए व्यवसायियों को 18 प्रतिशत ब्याज देना पड़ता था। लेकिन अब यह 18 प्रतिशत ब्याज नहीं देना पड़ेगा।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में कल रात से ही भारी बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से राज्य में सात और लोगों की मौत हो गयी जबकि नौ गंभीर रुप से घायल हुए हैं। ठनका गिरने से चतरा, पश्चिमी सिंहभूम और हजारीबाग में दो–दो जबकि कोडरमा में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी भारी बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा से भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित किये जाने और एससी–एसटी के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–आरक्षण के अंदर कोटे को मंजूरी।

दैनिक भास्कर सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– एससी–एसटी, कोटे में कोटा मंजूर, इसमें भी क्रीमी लेयर को लागू करें।

प्रभात खबर की सुर्खी है– झारखंड ने केन्द्र के बिल को आदिवासियों और मूलवासियों के खिलाफ करार दिया।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– हंगामा कर रहे भाजपा के 18 विधायक सदन से निलंबित।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– अब भारत में लगेगा सैटेलाइट नेटवर्क, मिली मंजूरी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने एससी–एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************